# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## Final Examination (1 March 2024)
### Class VIII
### Subject – Hindi (Set - B)

**Time: 3hrs** **M.M. 80**

### खंड - क ( पठन)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

'सत्य' एक धर्म है। इसकी महिमा से सभी परिचित हैं। यह आनंद देता है, संतोष देता है, न्याय देता है और इसका पालन करने वाले व्यक्ति को खरा सोना बना देता है। सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र और उनसे प्रभावित महात्मा गांधी-दोनों ही व्यक्तित्व सत्य के बल पर सदा के लिए अमर हो गए। 'सत्य' हमारी वाणी में ऐसी शक्ति और बल देता है कि उसका लोहा सबको मानना पड़ता है। सच बोलने वाले को कभी बातें बनाने या बदलने की आवश्यकता नहीं पड़ती। वास्तव में झूठ व्यक्ति को कहीं का नहीं छोड़ता । झूठे व्यक्ति की कथनी और करनी का अंतर सबको आसानी से पकड़ में आ जाता है। कभी-कभी सत्य का मार्ग कँटीला होता है, परंतु झूठ की भाँति पापमय नहीं होता। सत्य की ताकत के आगे झूठ के पाँव उखड़ ही जाते हैं। सत्य निर्भीक होता है, परंतु झूठ भीरु। सत्य दृढ़ होता है, जबकि झूठ कायर और कमज़ोर । सत्य में कपट नहीं है, वहीं झूठ में कपट का ही मायाजाल है। सत्य के रास्ते पर चलते हुए राजा हरिश्चंद्र ने अपना राजपाट खो दिया था, राजा दशरथ ने अपने प्राण गँवा दिए थे. धर्मराज युधिष्ठिर ने आधा झूठ बोलकर नरक के दर्शन किए थे, परंतु अपने वचनों तथा सत्य पर अडिग रहने वाले इन महापुरुषों का हम आज भी स्मरण करते हैं।

(क) गद्यांश के अनुसार किसकी महिमा से सभी परिचित हैं?

(i) धर्म की (ii) सत्य की (iii) असत्य की (iv) न्याय की

(ख) सत्य का पालन करने वाला व्यक्ति क्या बन जाता है?

(i) खोटा सिक्का (ii) खरा सोना (iii) घर का जोगी (iv) भीरु

(ग) कभी-कभी सत्य का मार्ग कैसा होता है?

(i) कँटीला (ii) पापमय (iii) हिंसक (iv) कल्याणकारी

(घ) झूठ के पाँव किसके आगे उखड़ जाते हैं?

(i) लोभ के आगे (ii) सत्य की ताकत के आगे (iii) धोखे के आगे (iv) परमार्थ के आगे

(ङ) धर्मराज युधिष्ठिर ने आधा झूठ बोलकर कहाँ के दर्शन किए?

(i) स्वर्ग के (ii) नरक के (iii) मृत्युलोक के (iv) इनमें से कोई नहीं

### खंड - ख ( पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताएँ :** (कोई छह) (3)

विलीन, आमोद- प्रमोद, उत्सुकता , प्रशंसक, तिमिर , अतीत , गगनचुंबी, नमन

**प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो का प्रयोग वाक्यों में करें:** (2)

संघर्ष , नमन , पलायन

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दें : (कोई पाँच)** **(5)**

(क) 'जलाते रहो 'कविता के आधार पर बताएँ कि निरंतर नाव बहाते चलने से क्या होगा ?

(ख) रवींद्रनाथ अपने पिताजी के साथ किस स्थान की यात्रा पर गए?

(ग) 'समय की सुरंग 'पाठ में नन्हें लोग कहाँ जाने से डरते थे?

(घ) रसखान अपनी आँखों से कहाँ के वन, बाग तड़ाग देखना चाहते हैं?

(ङ) हिरोशिमा के लोग हर साल 6 अगस्त को क्या करते हैं?

(च) बच्चों के लिए गुरुदेव रवींद्र नाथ ने कौन सा उपन्यास लिखा?

**प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें :( कोई चार)** **(2×4=8)**

(क) सूरदास जी ने 'चढ़ै ना दूजो रंग' किसके विषय में कहा है?

(ख) कालयंत्र के निर्माण होने से हमें क्या लाभ होगा? 'समय की सुरंग 'पाठ के आधार पर बताएँ।

(ग) कवि 'लौ' से क्या आशा करता है? पहली बार जलने पर वह किस प्रकार जलती रही ?

(घ) अपनी पाठ्यपुस्तक में पढ़े पाठ के अनुसार रवींद्रनाथ के जन्म तथा बचपन के बारे में जानकारी दें।

(ङ) 9 अगस्त 1945 को फिर क्या हुआ? क्या अमेरिका द्वारा ऐसा किया जाना उचित था?

**प्रश्न 6 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनें:** **(3)**

छाँड़ि मन हरि विमुखन को संग।
जाके संग कुबुधि उपजति है, परत भजन में भंग।
कहा भयौ पय-पान कराए, विष नहिं तजत भुजंग ॥
कागहिं कहा कपूर चुगाए, तजत स्वान न्हावै गंग।
खर को कहा अरगजा लेपन, मरकट भूषण अंग ॥
पाहन पतित बान नहीं बेधत, रीतौ करत निषंगभुजंग।
'सूरदास' खल कारी कामरि, चढ़ै न दूजौ रंग ॥

( क) इन पंक्तियों के रचयिता कौन हैं?

(i) कबीर दास (ii) सूरदास (iii) मीराबाई (iv) कोई अन्य

(ख) दूध पिलाने पर भी कौन ज़हर का त्याग नहीं करता?

(i) खर (ii) स्वान (iii) भुजंग (iv) मनुष्य

(ग) हरि. से विमुख लोगों का साथ करने से क्या होता है?

(i) खराब बुद्धि उत्पन्न होती है (ii) भजन में बाधा पड़ती है (iii) अच्छी बुद्धि उत्पन्न होती है (iv) i और ii दोनों

## खंड- ग (व्यवहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 7 ( क) निम्नलिखित शब्दों में संधि करके शब्द को पुनः लिखें : ( कोई चार)** **(2)**

(i) भौ + उक (ii) मातृ + आदेश (iii) महा + औदार्य (iv) वीर+उचित (v) महा+ आनंद

**( ख) निम्नलिखित शब्दों में से <u>किसी एक</u> का संधि विग्रह करें :** **(1)**

सख्यागमन, साधूर्जा

**प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखें :** (2)

वसंत, शत्रु, सोना, मृत्यु

**प्रश्न 9 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के विलोम शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें -** (2)

(क) बड़ी हैरानी की बात है कि रोहन इतना वाचाल है और उसका भाई इतना ______ ।

(ख) आजकल अच्छे व्यक्ति मिलना सुलभ नहीं _____ है।

**प्रश्न 10 निम्नलिखित का जो उचित अर्थ नहीं है उसे छाँट कर लिखें :** (2)

(क) नायक- नेता, व्यक्ति, नाटक का पात्र, मार्गदर्शक

(ख) दंड - आज्ञा, सज़ा, डंडा, जुर्माना

**प्रश्न 11 कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द छाँट कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:** (2)

(क) मीरा के दादाजी का आज _______हो गया । ( निधन, निर्धन)

( ख) सबकी_____ में कुछ ना कुछ अच्छा जरूर होता है । ( नियति, नियत)

**प्रश्न 12 (क) निम्नलिखित प्रत्ययों में से किन्ही दो का प्रयोग करके दो -दो नए शब्द बनाएँ:** (2)

दानी, री, दार, लु

**13. निम्नलिखित विग्रह का समस्तपद और समास के नाम का सही विकल्प चुनकर लिखिए :** (3)

(क) तीन फलों का समूह।

(i) तीन-फल- अव्ययीभाव समास

(ii) त्रिफला - द्विगु समास

(iii) त्रिशला - बहुव्रीहि समास

(iv) त्रिपुरारी - तत्पुरुष समास

(ख) 'यथाविधि' किस समास का उदाहरण है?

(i) कर्मधारय (ii) बहुव्रीहि (iii) अव्ययीभाव (iv) तत्पुरुष

(ग) 'देशप्रेमी' के लिए सही समास विग्रह चुनें ।

(i) देश का प्रेमी (ii) देश के लिए प्रेमी (iii) देश से प्रेमी (iv) देश को प्रेम

**प्रश्न 14 अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों का भेद बताएँ :** (2)

(क) शायद पिताजी आ गए होंगे।

(i) संकेत वाचक (ii) विधान वाचक (iii) संदेह वाचक (iv) इच्छा वाचक

(ख) वाह! बहुत स्वादिष्ट खाना है ।

(i) संदेह वाचक (ii) आज्ञा वाचक (iii) विस्मयादि वाचक (iv) विधान वाचक

( ग) मेहनत करने से ही सफलता मिलती है।

(i) संकेत वाचक (ii) आज्ञा वाचक (iii) निषेध वाचक (iv) विधान वाचक

(घ) हम आज दिल्ली नहीं जा सकते।

(i) इच्छा वाचक (ii) प्रश्न वाचक (iii) निषेध वाचक (iv) विधान वाचक

**प्रश्न 15 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का भेद बताएँ: ( कोई तीन)** (3)

(i) घर के बरामदे में खड़ा हुआ आदमी कौन है ?

(ii) धरती पर प्रदूषण बढ़ता जा रहा है ।

(iii) वह गाड़ी बहुत तेज- तेज चल रहा था।

(iv) मैदान में खड़े हुए बच्चों में से किसी को बुलाकर लाओ ।

**प्रश्न 16 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखो : ( कोई तीन)** (3)

(i) देखने सब गए मंदिर ।

(ii) मैं प्रातः कल सवेरे घूमने गया।

(iii) मैंने दो लीटर सेब खरीदे ।

(iv) सभी ने मिलकर दर्शन किया।

**प्रश्न 17 (i) निम्नलिखित वाक्यों में से सही विराम चिह्न वाले वाक्य को चुनें:** (3)

(क) श्याम बाबू ने कहा - डॉ : को अपना काम करने दो|

(ख) श्याम बाबू ने कहा, -"डॉक्टर को अपना काम करने दो|"

(ग) श्याम बाबू ने कहा ; "डॉ. को अपना काम करने दो|"

(घ) श्याम बाबू ने कहा ,"डॉक्टर को अपना काम करने दो|

**(ii) आश्चर्य, हर्ष , भय,घृणा ,शोक, संबोधन आदि के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(क) लाघव चिह्न (ख) योजक चिह्न (ग) विस्मयादिबोधक चिह्न ( घ) प्रश्न चिह्न

**(iii) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त विराम चिह्नों से कीजिए :**

छी _कितनी गंदगी है यहां_ कूड़े _कचरे का ढेर लगा हुआ है __

**प्रश्न 18 कोष्ठक में दिए मुहावरों में से सही मुहावरे का प्रयोग करते हुए वाक्य पूरा करें :** (2)

(i) हमेशा चुप रहने वाले रोहन का भाषण सुनकर सब हैरान हो गए ,वह तो ______निकला ।

(छुपा रुस्तम होना , आँखों का तारा होना)

(ii) भारत और चीन के युद्ध में चीनी सेना को ______पड़े।

(नाको चने चबाना ,आकाश -पाताल एक करना)

**प्रश्न 19 निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ बताएँ: (कोई दो)** (2)

क) तू डाल -डाल मैं पात -पात ख) पाँचो उंगलियाँ बराबर नहीं होती ( ग) सहज पके सो मीठा होय

**प्रश्न 20** (क) मानवीकरण अलंकार का एक उदाहरण दें । (1)

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताएँ। (1)

(i) चरण कमल बंदों हरिराई (ii) हाय फूलों -सी कोमल बच्ची हुई राख की थी ढेरी

B-4

## खंड- घ

**प्रश्न 21 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखें:**

**विज्ञापनों का महत्व** (5)

संकेत बिंदु: विज्ञापन की आवश्यकता, लुभावने विज्ञापनों से बचाव

**अथवा**

**व्यायाम और स्वास्थ्य**


संकेत बिंदु : व्यायाम की आवश्यकता, स्वास्थ्य का महत्व, व्यायाम के लाभ

**प्रश्न 22** अपने मामा जी को पत्र लिखें जिसमें उनके द्वारा भेजी गई कहानियों की किताब के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया हो। (5)

**अथवा**

अपने छोटे भाई को समय के सदुपयोग का महत्व बताते हुए पत्र लिखें ।

**प्रश्न 23 नीचे दिए गए चित्र को देखकर आपके मन में जो विचार उठ रहे हैं उन्हें अपने शब्दों में लिखें।** (3)



**प्रश्न 24** पिता और पुत्र के बीच नई घड़ी लाने के बारे में हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में लिखें । (5)

**अथवा**

शहर में बढ़ते यातायात की समस्या पर दो मित्रों के बीच हुआ संवाद लिखिए।

**प्रश्न 25** फलों के जैम के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

**अथवा**

कंप्यूटर बनाने वाली कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।